राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–21/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में अरूणाचल प्रदेश एवं मिजोरम दिवस का आयोजन किया गया

पटना 20 फरवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत अरूणाचल प्रदेश एवं मिजोरम के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रीति–रिवाज, रंग–रूप, वेश–भूषा, भाषा, बोली, उपासना पद्धति, निवास क्षेत्र आदि की भिन्नताओं के बावजूद हम एक हैं। हमसब एक ही परिवार से संबंध रखते हैं और वह है मानवता। हमारे मनीषियों ने सभ्यता के प्रारंभ से हमें यही सिखाया है।

उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा केन्द्र शहरों और भीड़–भाड़ वाले जगहों से दूर होते थे ताकि विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से नहीं हटे। अपने घर से दूर रहकर पढ़ाई करने पर बच्चे वहाँ की भाषा भी सीख लेते हैं। हमें यथासंभव अधिकाधिक भाषाओं को सीखने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि विभिन्न लोगों की संस्कृतियों को जानने एवं उनके साथ आपसी समझदारी विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम उनकी भाषा होती है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अरूणाचल प्रदेश व मिजोरम की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में अरूणाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से०नि०) श्री के०टी० परनायक के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० अजय कुमार सिंह, पटना वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ० सिस्टर एम० रश्मि ए०सी०, कॉलेज की अन्य शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ, बिहार मिजो वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारीगण व सदस्यगण, बिहार में पढ़ाई कर रहे मिजोरम व अरूणाचल प्रदेश के छात्र–छात्राएँ तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

....